**वैक्सीनेशन** • जिले में पहले डोज से अभी भी 8.21% लोग बाकी हैं, प्रशासन का दूसरे डोज पर फोकस, कोई भूले नहीं इसलिए फोन लगा रहे

# पहला डोज 102.16%, दूसरा डोज 57.83%: शहर में वार्डवार लग रहे वैक्सीनेशन कैंप, दो सेंटर ऐसे जहां रोज लग रही वैक्सीन

### अभी तक 2,34,118 लोगों को पहला डोज लगा

भास्कर संवाददाता | रतलाम

वैक्सीनेशन की स्थिति अच्छी बनी हुई है। पहला डोज 102.16% लोगों को लग गया है। वहीं अब कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने पूरा फोकस दूसरे डोज पर लगा दिया है। अब वार्डवार वैक्सीनेशन किया जा रहा है।

जनवरी से शुरू हुआ वैक्सीनेशन अब पहले डोज के लिए पूरा होने की तरफ है। दूसरे डोज में लापरवाही ना बरती जाए, इसके लिए अब पूरी टीम जुट गई है। रतलाम शहर में अब तक 57.83% लोगों को वैक्सीन लग गई है। पहला डोज 2,34,118 लोगों को लगा है, वहीं इनमें से दूसरा डोज 1,35,394 लोगों ने लगवा लिया है। वहीं जिले में अब तक 91.79 प्रतिशत लोग वैक्सीन का पहला डोज लगवा चुके हैं, 32.68 प्रतिशत लोग ऐसे हैं जो वैक्सीन का दूसरा डोज भी लगवा चुके हैं। शहर प्रभारी लोकेश वैष्णव ने बताया 12 हजार लोगों को दूसरा डोज लगना बाकी है। 528 गर्भवती महिलाएं भी हैं, जिन्होंने वैक्सीन नहीं लगवाई है। सभी को फोन लगाकर बुलाया जाता है।

## कॉल सेंटर से लगा रहे फोन, 12 हजार लोगों का दूसरा डोज बाकी, वेरिफाई करने वालों को दे रहे सूची



बचे लोगों को कॉल सेंटर से फोन लगाए जाते हैं। केंद्रों पर बैठने वाले वेरिफायर को भी लिस्ट दी जाती है। वेरिफायर को फोन लगाकर दूसरे डोज लगवाने वालों को बुला रहे हैं।

**वैक्सीनेशन में बाजना पिछड़ रहा**

| ब्लॉक | पहला डोज% | दूसरा डोज% |
|---|---|---|
| आलोट | 92.43 | 23.07 |
| बाजना | 75.99 | 15.18 |
| जावरा | 99.59 | 30.83 |
| पिपलौदा | 79.15 | 30.92 |
| सैलाना | 93.81 | 16.06 |
| रतलाम ग्रामीण | 87.41 | 28.58 |
| रतलाम शहर | 102.16 | 57.83 |

**रोज 9 से 10 वार्ड ले रहे** - इधर शहर में अब रोज 9 से 10 वार्ड में वैक्सीन लगाई जा रही है। ऐसा इसलिए ताकि लोगों को भी परेशानी ना हो। वहीं शहर में दो सेंटर ऐसे भी हैं जहां हर सत्र में वैक्सीन लग रही है। जिला अस्पताल और अलकापुरी कम्युनिटी हॉल में हर सत्र में कोविशील्ड का वैक्सीनेशन हो रहा है। वहीं, एमसीएच में को-वैक्सीन का पहला और दूसरा डोज गर्भवती को लगाने की की व्यवस्था भी की है। वहीं, कॉल सेंटर से लोगों को फोन लगाकर भी वैक्सीनेशन के लिए बुलवाया जा रहा है। भास्कर

**अब तक पहले डोज से भी पिछड़ा है बाजना**- एक तरफ शहर में सभी लोगों को पहला टीका लग चुका है, तो वहीं ग्रामीण में कुछ लोग बाकी हैं। खराब स्थिति बाजना की है। वहां अब तक 75.99% लोगों ने ही वैक्सीन लगवाई है। दूसरा डोज लगवाने वाले महज 15.18% लोग हैं। बाजना के बाद पिपलौदा में 79.15% लोगों को वैक्सीन का डोज लगा है।

दै. भास्कर 9/10/21

## कर्मचारियों का 38 दिन का वेतन काटा

रतलाम। खुले में कचरा डालकर शहर को गंदा करने वाले नागरिक व दुकानदारों पर लक्ष्य अनुरूप स्पाट फाइन नहीं करने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार दल के कर्मचारियों का 38 दिन का वेतन काटा जाकर सेवा से बर्खास्त किए जाने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया। दल द्वारा सितंबर माह में नियमित, लक्ष्य अनुरूप स्पाट फाइन नहीं करने व अक्टूबर माह में दो दिन चार अक्टूबर को 14 व्यक्तियों व आठ अक्टूबर को 13 कुल 27 व्यक्तियों पर स्पाट फाइन करने, दिए गए लक्ष्य अनुरूप स्पाट फाइन नहीं करने पर निगम आयुक्त के निर्देशानुसार दल के विराट मेहरा, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिंदे का कार्य में लापरवाही बरतने पर एक सितंबर से आठ अक्टूबर तक कुल 38 दिन का वेतन काटा गया।

नईदुनिया 9/10/21

## कर्मचारियों का 38 दिन का वेतन काटा, नोटिस जारी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

स्पॉट फाइन दल द्वारा नियमित रूप से फाइन नहीं करने पर नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने स्पॉट फाइन दल के कर्मचारियों का 38 दिन का वेतन काटने के साथ ही उन्हें बर्खास्तगी के नोटिस जारी किए हैं। नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने बताया स्पॉट फाइन दल द्वारा सितंबर महीने में नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाइन नहीं करने व अक्टूबर में भी नियमित रूप से फाइन नहीं करने पर नोटिस जारी किया है। स्पॉट फाइन दल के विराट मेहरा, पवन झांझोट, मनोज झांझोट, राकेश ललावत व आकाश शिंदे द्वारा सितंबर से 5 अक्टूबर तक नियमित व लक्ष्य अनुरूप स्पॉट फाइन नहीं करने व कार्य में लापरवाही बरतने पर 1 सितंबर से 8 अक्टूबर तक (कुल 38 दिवस) प्रतिदिन वेतन काटा जाकर निलंबन व सेवा से बर्खास्त करने का कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया है। भास्कर

दै. भास्कर 9/10/21

## कचरा संग्रहण वाहन के 6 हेल्पर सेवा से बर्खास्त

रतलाम | बगैर सूचना के अनुपस्थित रहने पर आयुक्त ने कचरा संग्रहण वाहन के 6 हेल्पर को सेवा से बर्खास्त कर दिया। जिन्हें बर्खास्त किया है उनमें वार्ड क्रमांक 1 के राहुल-दिलीप, वार्ड क्रमांक 17 के गौरव-विजय, वार्ड क्रमांक 31 के सुनील, वार्ड क्रमांक 34 के नितीन-किशोर, वार्ड क्रमांक 38 के अंकित खत्री व वार्ड क्रमांक 42 के संदीप-सुरेश शामिल है।

भास्कर

## कचरा संग्रहण वाहन के छह हेल्पर सेवा से बर्खास्त

रतलाम। नगर निगम के कचरा संग्रहण के छह हेल्परों द्वारा बिना सूचना के अपने कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया के निर्देशानुसार संबंधितों सेवा से बर्खास्त किया गया। गुरुवार को वार्ड क्रमांक-एक के राहुल-दिलीप, वार्ड क्रमांक-17 के गौरव-विजय, वार्ड क्रमांक-31 के सुनील, वार्ड क्रमांक-34 के नितिन-किशोर, वार्ड क्रमांक-38 के अंकित खत्री व वार्ड क्रमांक-42 के संदीप-सुरेश कचरा संग्रहण वाहन हेल्पर द्वारा बिना सूचना के कर्तव्य स्थल से अनुपस्थित रहने पर सेवा से बर्खास्त किया गया।

नईदुनिया 9/10/21

# अस्थायी पटाखा व्यवसाय के लिए दीपावली पर आवेदन शुरू हुए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

इस साल दीपावली पर पटाखे बेचने वालों के लिए अस्थायी पटाखा लाइसेंस के लिए आवेदन शुरू हो गए हैं। 20 अक्टूबर तक आवेदन किए जा सकते हैं। निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र रतलाम शहर तथा ग्रामीण तहसील स्तर पर अपने-अपने क्षेत्र के अनुविभागीय दंडाधिकारी कार्यालय में जमा किया जा सकता है। आवेदकों को अपने-अपने आवेदन पत्र स्वीकृति के लिए संबंधित क्षेत्र के एसडीएम की पूर्व स्वीकृति लगेगी। लाइसेंसधारी को केवल उसी स्थान पर आतिशबाजी का व्यवसाय करने की अनुमति होगी, जो स्थान तय किया जाएगा।

भास्कर

दै. भास्कर 9/10/21

# लोक सेवा केंद्र के माध्यम से 14 नवीन सेवाएं मिलेगी

रतलाम ● स्वदेश समाचार

लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से विधि तथा विधायी कार्य विभाग की हाईकोर्ट एवं जिलाकोर्ट की नवीन सेवाएं मिलना प्रारंभ हो गई है। इन सेवाओं का लाभ नागरिक तथा अधिवक्ता लोक सेवा केंद्रों के माध्यम से प्राप्त कर सकते हैं जिसमें हाईकोर्ट तथा जिला सत्र न्यायालय तक जाए बिना ही 14 सेवाओं का लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके लिए एक्सप्रेस मोड तथा ऑर्डिनरी मोड की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है जिसका लाभ सभी आवेदक ले सकते हैं।

लोक सेवा जिला प्रबंधक अंकित बघेल ने बताया कि राज्य लोक सेवा अभिकरण द्वारा जारी निर्देश अनुसार जिला स्तर से ई-कोर्ट की नवीन अधिसूचित सेवाओं की जानकारी प्रदाय करने के लिए जिले के समस्त लोक सेवा केंद्रों के संचालकों उनके ऑपरेटर्स को एक दिवसीय प्रशिक्षण भी दिया गया है। हाई कोर्ट एवं जिला कोर्ट की 14 नवीन सेवाओं को प्रारंभ किया गया है, इनमें अधिवक्ताओं का नवीनीकरण 5 वर्ष से कम, अधिवक्ताओं का नवीनीकरण 5 वर्ष से अधिक, न्यायिक आदेश की ई-प्रति, हाई कोर्ट, न्यायिक आदेश की ई-प्रति, डिस्ट्रिक्ट कोर्ट, ऑनलाइन उच्च न्यायालय शुल्क, ऑनलाइन जिला न्यायालय शुल्क, प्रकरण की स्थिति की जानकारी, एंड्रॉयड और आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम के लिए ई-कोर्ट के मोबाइल एप, विशेष अदालत के स्थान, उसकी वाद-विवाद सूची और मामले को सुनवाई के लिए लिया गया है या नहीं जैसे प्रश्नों की जानकारी, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, उच्च न्यायालय विधिक सेवा समिति तथा उच्चतम न्यायालय विधिक सेवा समिति से नि:शुल्क विधिक सेवाओं का लाभ उठाने के बारे में मार्गदर्शन, वीडियो कॉन्फ्रेंस द्वारा कोर्ट की सुनवाई की व्यवस्था करने और आयोजित करने के तरीकों की जानकारी, ईमेल व्हाट्सएप या किसी अन्य उपलब्ध मोड के माध्यम से न्यायिक आदेशों व निर्णय की सॉफ्ट कॉपी प्रदान करना, ई-कोर्ट परियोजना के तहत डिजिटल रूप में उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में अन्य प्रश्न और सहायता तथा ई-फाइलिंग की सेवाएं शामिल हैं।

सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवेदक का नाम, पता, मोबाइल नंबर, प्रकरण का प्रकार, प्रकरण का क्रमांक, सेवा प्राप्ति का मोड ई-मेल या डाक के माध्यम से नवीन सेवाओं को डिजिटल रूप से शासन द्वारा निर्धारित विधिक शुल्क जमा कर जिले के सभी 9 लोक सेवा केंद्र के माध्यम से प्राप्त किया जा सकता है।

स्वदेश 9/10/21

कसा शिकंजा • जांच और बिल्डर का पक्ष सुनने के बाद प्रशासन ने बनाई रिपोर्ट, कार्रवाई से निवेशकों के साथ ही खरीदारों की राशि भी उलझेगी

# मंगलवार से कार्रवाई होगी, सरकारी जमीन का सीसी वर्क तोड़ने सहित सभी पार्टनर पर भी हो सकती है एफआईआर

## धोखे की द्वारका रेजीडेंसी

भास्कर संवाददाता | रतलाम

राम मंदिर के सामने बन रही द्वारका रेजीडेंसी पर मंगलवार से कार्रवाई शुरू हो जाएगी। बिल्डर का पक्ष जानने और अफसरों की जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर प्रशासन ने रिपोर्ट तैयार कर ली है। इसमें बिल्डर द्वारा मल्टी के सामने वाली 15276 वर्गफीट सरकारी जमीन को रास्ता बता कर बिना अनुमति किया गया सीसी वर्क तोड़ने के साथ ही रेजीडेंसी फॉर्म के सभी 14 पार्टनर पर एफआईआर भी हो सकती है। इससे मल्टी में जाने रास्ता ही नहीं बचा है। यानी द्वारका रेजीडेंसी अब अधूरी ही रहेगी। 29 अगस्त को नपती के बाद राजस्व और नगर निगम का अमला मल्टी के सामने वाली सरकारी जमीन को लोहे की जाली लगाकर सुरक्षित कर चुका है। इसके बाद से ही रेजीडेंसी का काम बंद पड़ा है। प्रकरण के दौरान धोखेबाज बिल्डर जितेंद्र नागल द्वारा कारोबारी को धोखे में रखकर खुलवाई गई रेडीमेड कपड़े की दुकान भी बंद हो गई है। इसके अलावा मल्टी में दुकान ऑफिस चेंबर और फ्लैट के खरीदारों में भी कार्रवाई को लेकर हड़कंप मचा हुआ है। हालांकि बिल्डर अभी भी उन्हें सब कुछ ठीक होने का आश्वासन दे रहा है। प्रशासन सख्त कार्रवाई की तैयारी कर रहा है। ऐसा हुआ तो मल्टी के निर्माण में राशि लगाने वाले निवेशकों के साथ खरीदारों के लाखों रुपए भी फंस जाएंगे।

## अफसरों के खिलाफ कार्रवाई का प्रशासन ने बनाया प्रतिवेदन, नगर निगम ने मौका-मुआयना नहीं किया

चेतक ब्रिज और मल्टी के बीच 15276 वर्गफीट जमीन को आम रास्ता बताकर अनुमति देने वाले अफसरों के खिलाफ भी प्रशासन ने प्रतिवेदन बना लिया है। यह भी सोमवार को भोपाल रवाना हो जाएगा। आगामी कार्रवाई राज्य शासन ही करेगा। प्रकरण में जहां राजस्व विभाग ने सरकारी जमीन को रास्ता बताकर एनओसी दे दी। वहीं नक्शे में ओपन लैंड या रोड लिखा होने के बाद भी टीएंडसीपी ने उसे पास कर दिया। नगर निगम के अफसरों ने मौका मुआयना करने भी मुनासिब नहीं समझा और निर्माण अनुमति दे दी।



### यह है पूरा मामला

सर्वे नंबर 43/1131 और चेतक ब्रिज के बीच लगभग 15276 वर्ग सरकारी जमीन है। इसमें से लगभग 8500 वर्गफीट पर द्वारका रेजीडेंसी फर्म ने बिना अनुमति के सीमेंट कांक्रीट कर दिया था। खरीदारों को धोखा देने के लिए उसे सड़क बताकर दुकानों और फ्लैट्स की ऊंची कीमतों पर बुकिंग की जा रही थी। 29 अगस्त को कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के आदेश पर नगर निगम और राजस्व अमले ने नपती कर लोहे की जाली लगाकर यह भूमि सुरक्षित कर ली है।

### सरकारी जमीन सुरक्षित की

रेजीडेंसी के सामने वाली जमीन सरकारी है। उसे हमने सुरक्षित कर दिया है। बिल्डर ने उसे ही रास्ता बताकर परमिशन ले रखी है। उसे लेकर कार्रवाई करेंगे। अनुमतियां देने वाले अफसरों की भूमिका भी जांच हो गई है। - कुमार पुरुषोत्तम, कलेक्टर

भास्कर

दै. भास्कर 9/10/21

# शहर की 6 सड़कों पर पेचवर्क 15 अक्टूबर से आरंभ होगा

**रतलाम। शहर में नगर निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा तरणताल स्थित हाल पर की गई। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि शहर में सड़कों का पैचवर्क अतिशीघ्र आरंभ करें।**

बैठक में बताया कि शहर की चिन्हित 38 सड़कों में से 6 सड़कों पर पैचवर्क आगामी 15 अक्टूबर से आरंभ कर दिया जाएगा। शेष सड़कों के टेंडर रेट ज्यादा होने से पुनः टेंडर किए जा रहे हैं। कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि पैचवर्क कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए, समय सीमा में काम करने के लिए जहां ट्रैफिक रोकना हो रोका जाए, बैरिकेट्ड आवश्यक हो तो लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर की डामर सड़कों को धीरे-धीरे के सीमेंट कंक्रीट सड़कों में परिवर्तित किया जाए, इससे सड़कें स्थाई गुणवत्ता वाली रहेंगी। नगर निगम कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा एक क्रेन किराए पर लेने के लिए निर्देशित किया गया। फूड जोन के बारे में बताया गया कि तीन-चार दिनों में डीपीआर तैयार हो जाएगी, उसके बाद टेंडर जारी कर दिए जायेंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फूड जोन में स्मार्ट पार्किंग रहेगी, साथ ही सफाई के लिए एक जिम्मेदार एजेंसी भी रहेगी। कलेक्टर ने शहर में सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। कलेक्टर द्वारा छत्री पुल के सामने की दुकानों के पीछे के हिस्से में मौजूद गंदगी का भी जिक्र किया गया। कलेक्टर ने कहा कि निगम के पास पर्याप्त वाहन है, पर्याप्त अमला है। अब इस संबंध में ढीला-ढाला काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगमायुक्त श्री झारिया को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह उठकर दो-तीन घंटे तक तीन से चार वार्डों का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें। इसी प्रकार विद्युत समीक्षा के दौरान उपयंत्री आचार्य को निर्देशित किया कि वे शाम को प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों को भ्रमण कर सुचारू विद्युत व्यवस्था हेतु जायजा लेते रहें। इस बैठक में नगर निगम के कार्यपालन यंत्री सुरेश व्यास, हनीफ शेख, श्याम सोनी, उपायुक्त विकास सोलंकी आदि उपस्थित थे। नवभारत

नवभारत 9/10/21

# कलेक्टर के निर्देश पर अवैध कॉलोनाइजरों के खिलाफ एक और बड़ी कार्रवाई

दैनिक अवन्तिका ▸▸ रतलाम

कलेक्टर श्री कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिले में अवैध कॉलोनियां काटने वाले कालोनाइजरों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है । पिछले दिनों नामली नगर परिषद में अवैध कालोनी काटने वाले रतलाम और नामली के 14 कॉलोनाइजर पर प्रकरण दर्ज करने के बाद अब अब प्रशासन ने एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले के. ताल नगर परिषद में भी अवैध कॉलोनी काटने वाले 9 कॉलोनाइजर पर धोखाधड़ी और बिना अनुमति कॉलोनी काटने के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई बिना अनुमति काटी गई पांच कालोनियों पर की गई है।

कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देश पर जिला प्रशासन ने अवैध कॉलोनी और भूमाफिया के खिलाफ मुहिम शुरू की । इसमें रतलाम शहर के अलावा जिले के नामली, जावरा, ताल, आलोट, सैलाना, पिपलोदा जैसे कस्बों में भी अवैध कालोनियों को चिन्हित कर कार्रवाई की जा रही है। मुहिम की शुरूआत में नामली के 14 कॉलोनाइजर पर अवैध कॉलोनी काटने के मामले में प्रकरण दर्ज किया गया था। अब ताल नगर परिषद की प्रभारी सीएमओ कन्हैयालाल सूर्यवंशी की शिकायत पर ताल थाने में ताल निवासी प्रह्लाद, विजय, शेरू, रिजवान, अहमद, दिनेश, राघु, राजेंद्र कुमार, एवं शंकरलाल पर अवैध कालोनी काटने के मामले में धारा 420 के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। इन आरोपियों ने ताल कस्बे में कुल पांच स्थानों पर अवैध कॉलोनी काटकर भूखंड बेचे हैं।

प्रशासन की इस कार्रवाई के बाद अवैध कॉलोनाइजरों में हड़कंप मचा हुआ। रतलाम शहर में भी 20 कालोनियों को चिन्हित किए जाने की खबर है । आने वाले दिनों में इस तरह की और बड़ी कार्यवाईयां देखने को मिल सकती है। अवन्तिका

अवन्तिका 9/10/21

# बिना अनुमति कॉलोनी काटने के मामले में 9 लोगों पर प्रकरण दर्ज

रतलाम ● स्वदेश समाचार

जिले के ताल में अवैध कॉलोनी काटने वाले 9 लोगों पर धोखाधड़ी और बिना अनुमति कॉलोनी काटने के मामले में अलग-अलग प्रकरण दर्ज किए गए है। ताल नगर परिषद के प्रभारी सीएमओ कन्हैयालाल सूर्यवंशी की शिकायत पर ताल थाना पुलिस ने ताल निवासी प्रहलाद पोरवाल, विजय पोरवाल, शेरू खान ,रिजवान खान, अहमद खान, दिनेश, नागदा निवासी राधु राजेंद्रकुमार , नामली निवासी शंकरलाल राठौड़ पर धारा 420 भादवि 339 (ग) मध्यप्रदेश नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत अलग-अलग पांच प्रकरण दर्ज किए है। आरोपियों ने ताल कस्बे के ग्राम भैसाना रोड, पंथपिपलौदा रोड, मकनपुरा रोड एवं कृषि उपज मंडी के पीछे बगैर अनुमति अवैध कॉलोनी काटकर भूखंड बेच दिए।

स्वदेश

# बेशकीमती भूमि पर से अतिक्रमण हटाया गया

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम के निर्देशन में जिले में भूमि माफिया के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। इस क्रम में आलोट तहसील के ग्राम देहरी में शुक्रवार को आबादी के समीप लगी हुई बेशकीमती 1.65 हेक्टेयर भूमि पर से राजस्व तथा पुलिस दल द्वारा अतिक्रमण हटाया गया।

स्वदेश


स्वदेश 9/10/21

पूरे शहर में कई दिन से नहीं पहुंच पा रही कचरा गाड़ियां

# जिला कलेक्टर की चेतावनी के बाद भी सफाई में तेजी नहीं आई

रतलाम @ पत्रिका. शहर में फैली हुई गंदगी के लिए कलेक्टर कुमार पुरषोत्तम ने गुरुवार को कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। इसके बाद भी शहर में स्वच्छता कार्य में बड़ा अंतर नहीं आया है। शहर में कई दिन से अनेक क्षेत्रों में कचरा वाहन नहीं पहुंच पा रहे हैं। इतना ही नहीं दोपहर तक कचरा चौराहों से लेकर सड़क तक से उठाया नहीं जा रहा है।

जवाहर नगर क्षेत्र में लगभग 15 दिन पहले नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया ने निरीक्षण किया था। इस दौरान हाउसिंग बोर्ड कार्यालय के पीछे नाले में तथा नाले के आस-पास पड़ी गंदगी देखकर



कड़ी नाराजगी जाहिर की थी। आयुक्त झारिया ने अधीनस्थों को निर्देशित किया था कि पूरे क्षेत्र की तथा नाले की सफाई करवाई जाए 15 दिन बाद भी क्षेत्र के हालात वैसे के वैसे ही हैं। अब क्षेत्र के नागरिकों ने निगम प्रशासक व कलेक्टर से हस्तक्षेप करने को कहा है।

इसी प्रकार शहर के शक्ति नगर क्षेत्र में कचर दोपहर तक नहीं उठाया गया। क्षेत्रीय नागरिकों ने इसके लिए मना किया तो बोले की कचरा वाहन आएगा व उठाकर ले जाएगा। दोपहर 12 बजे बाद तक कचरा वाहन नहीं आया। रिक्त पड़े प्लॉट को कचरा डालने का स्थान बना दिया है।

शहर में सफाई का ढोल बजाया जाता है, लेकिन हकीकत यह है कि कचरा उठाकर सार्वजनिक स्थान पर नगर निगम के कर्मचारी डाल देते है व कई दिन तक कचरा वाहन भी नहीं आता है। इनकी व्यवस्था से तो परेशान हो गए है। - **नवीन व्यास**, रहवासी शक्ति नगर पत्रिका

पत्रिका 9/10/21

## मुख्यमंत्री कोविड-बाल सेवा योजना में राशि मंजूर

रतलाम | मुख्यमंत्री कोविड-बाल सेवा योजना में गुरुवार को रतलाम एनआईसी कक्ष में 3 बच्चों को पेंशन राशि स्वीकृति पत्र दिए। इनमें पिपलौदा विकासखंड के ग्राम नवाबगंज की राजकुंवर, कोमल कुंवर व अमरदीप सिंह शामिल हैं। मुख्यमंत्री कोविड-अनुकंपा योजना के तहत 5 युवाओं को शासकीय सेवा के लिए नियुक्ति पत्र दिए। राज्य स्तरीय कार्यक्रम से मुख्यमंत्री शिवराजसिंह चौहान के उद्बोधन को सुना। राजेंद्रसिंह लुनेरा, कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम, एसपी गौरव तिवारी, सीईओ जिला पंचायत जमुना भिड़े सहित अन्य मौजूद थे।

दै.भास्कर 9/10/21

## जिला चिकित्सालय में बन रहे आयुष्मान कार्ड

रतलाम ● कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को दिलाने के पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए अन्य स्थानों के अलावा जिला चिकित्सालय रतलाम परिसर में भी आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है जो भी व्यक्ति उपचार के लिए जिला चिकित्सालय आते हैं वहां पात्रता होने पर आयुष्मान कार्ड भी बना सकते हैं।

स्वदेश 9/10/21

## जिला अस्पताल में भी बनाए जा रहे हैं आयुष्मान कार्ड

रतलाम। कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम द्वारा आयुष्मान कार्ड योजना का लाभ ज्यादा से ज्यादा पात्र व्यक्तियों को दिलाने के पुरजोर प्रयास किए जा रहे हैं। इसके लिए अन्य स्थानों के अलावा जिला चिकित्सालय रतलाम परिसर में भी आयुष्मान कार्ड बनाने की व्यवस्था की गई है जो भी व्यक्ति उपचार के लिए जिला चिकित्सालय आते हैं वहां पात्रता होने पर आयुष्मान कार्ड भी बना सकते हैं।

नवभारत 9/10/21

वॉल्व और लाइन लीकेज नहीं हो रहे बंद, नई लाइन बिछाने के बाद भी व्यवस्था नहीं सुधरी

# नियमित पेयजल वितरण के दावों को हकीकत में नहीं बदल सके जिम्मेदार

पत्रिका अभियान

त्योहारों पर
नियमित हो जलापूर्ति

पत्रिका



महू रोड बस स्टैंड से गुजर रही लाइन में लीकेज।



गौशाला रोड स्थित पेयजल लाइन के वॉल्व में लीकेज।



यहां लीकेज बंद नहीं हुआ तो पाइप लगाकर नाली में छोड़ दिया पानी।

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

रतलाम. शहर में 1 जुलाई से नियमित रूप से पेयजल वितरण को लेकर जिम्मेदारों द्वारा किए गए दावे खोखले साबित हो गए हैं। नगर निगम तय समय से तीन माह बाद भी इस काम को अंजाम नहीं दे सका है। इसके पीछे कारण पाइप लाइन और वॉल्व में लगातार लीकेज होना बताया जा रहा है। वह भी तब जबकि धोलावाड़ से लेकर शहर तक नई पाइप लाइन बिछाई जाने का काम पूरा हो चुका है।

शहर में गत वर्ष नगर निगम चुनाव की तैयारियों के बीच नगर निगम ने दावा किया था कि 1 दिसंबर से नियमित पेयजल वितरण करेगा। इसके बाद वर्ष 2021 में एक बार फिर दावा किया कि 1 जुलाई से शहर में प्रतिदिन पेयजल वितरण किया जाएगा लेकिन अक्टूबर माह की शुरुआत होने के बाद अब तक यह दावा पूरा नहीं हो सका है।

नगर निगम के द्वारा नई पाइप लाइन बिछाई गई थी जिससे कि पाइप लाइन में हो रहे लीकेज समस्या से निजात पाया जा सके लेकिन यह व्यवस्था भी दम तोड़ रही है। नगर निगम पाइप लाइन और वॉल्व में लीकेज बंद करने के जो दावे कर रही है लेकिन शहर में कई इलाके ऐसे हैं, जहां हकीकत कुछ और ही नजर आ रही है। चुनिंदा इलाके ऐसे हैं, जहां साल भर पाइप लाइन और वॉल्व से पानी बहता रहता है
लेकिन जिम्मेदारों का इस पर ध
नहीं है। निगम को आइना दिख
कुछ स्थानों को पत्रिका ने फोटो
माध्यम से भी दर्शाया है।

**103** - किमी पाइप लाइन बिछाने का दावा शहर में
**7.89** - करोड़ से अधिक खर्च
**700** - से अधिक लीकेज ठीव
**140** - से अधिक वॉल्व सुधारे
**12 से 13** - दिन शहर में पेयजल वितरण
**41** - हजार से अधिक शहर में जलकर उपभोक्ता
**30 से 32** - एमएलडी शहर में पेयजल वितरण
**395** - मीटर धोलावाड़ की क्षमता

पत्रिका 9/10/21

# कोशिशों के बाद सफाई में सुधार नहीं-कलेक्टर

8/10/21

रतलाम, नप्र। नगर निगम के पास पूरा-पूरा का अमला हैं और भरपूर वाहन हैं फिर शहर की सफाई ठीक-ठाक नहीं है। तमाम कोशिशों के बावजूद सफाई के काम में सुधार होता नहीं दिख रहा है।


कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम का कहना हैं कि शहर की सफाई व्यवस्था को लेकर ढीला-ढाला काम अब सहन नहीं किया जाएगा। तमाम कोशिशों के बाद भी सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। सफाई के काम में सुधार लाने के लिए उन्होंने निगम आयुक्त से कहा कि- वे रोजाना सुबह उठकर दो-तीन घंटे तक कम से कम तीन से चार वार्डों में घूमकर सफाई के काम को बेहत्तर करें। कलेक्टर ने छत्रीपुल के सामने की दुकानों के पीछे के हिस्से में मौजूद गंदगी का जिक्र किया।

**सुबह सफाई और शाम को बिजली का जायजा लेंगे**

शहर की सड़कों पर पसरे रहने वाले अंधेरे को भी उन्होंने गंभीरता से लिया। उपयंत्री आचार्य को निर्देशित किया कि वे रोजाना शाम को शहर के अलग-अलग हिस्सों का भ्रमण कर सुचारू विद्युत व्यवस्था का जायजा लेते रहे। नगर निगम के कामों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने सड़कों की खराब हालात को सुधारने के लिए जल्द ही पेंचवर्क का काम शुरू करने को कहा। उन्हें बताया कि खराब सड़कों में अड़तीस सड़कों की पहचान की गई जिसमें से आधा दर्जन सड़कों पर पेंचवर्क का काम 15 अक्टूबर से शुरू कर दिया जाएगा। कलेक्टर ने कहा कि पेंचवर्क का काम प्राथमिकता के साथ किया जाए। शहर की डामर सड़कों को धीरे-धीरे सीमेंट कांक्रीट सड़कों मे बदला जाए जिससे सड़के स्थाई गुणवत्ता वाली रहेंगी। नगर निगम काम के लिए कलेक्टर ने एक क्रेन किराए पर लेने को कहा। फूड जोन के बारे में जानकारी लेते हुए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने कहा कि फूड जोन में स्मार्ट पार्किंग रहेगी। साथ ही सफाई के लिए एक जिम्मेदार एजेंसी भी रहेगी। बैठक में बताया कि पुलिस कंट्रोल रूम पर सीसीटीवी से पूरे शहर की जानकारी मिलती है। शहर में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम का एक कर्मचारी पुलिस कंट्रोल रूम पर तैनात किया जाए वहां से कैमरे से निगारनी कर जुर्माना किया जाए।

प्रभातकिरण 8/10/21

# दो दिन बाद फिर मिले डेंगू के दो नए मामले



**रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)।** दो दिन बाद फिर एलाइजा जांच की नौ रिपोर्ट में दो डेंगू के नए मामले मिले। साथ ही सर्वे के दौरान 73 घरों में लार्वा मिला, जिसे नष्ट कराया गया है। जिले में अब तक 407 मामलों की पुष्टि की जा चुकी है। इन मामलों में जिला अस्पताल और मेडिकल कालेज लैब के सैंपल शामिल हैं।

जिला अस्पताल, मेडिकल कालेज, बाल चिकित्सालय और निजी अस्पतालों में एंटीजन किट जांच में नए मरीज मिलने का क्रम जारी है। मानव सेवा समिति से प्लेटलेट्स लेने वालों की संख्या में भी कमी नहीं आई। मेडिकल कालेज के सभी वार्डों में डेंगू के मरीज भर्ती हैं। शुक्रवार को 17 पानी टंकी, 51 कंटेनर, दो बेकार टायरों और 16 फालतू कंटेनरों में लार्वा मिला। इसके साथ एक बार फिर स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं एवं सर्वे टीम प्रशिक्षण देने की तैयारी चल रही है। जिला मलेरिया अधिकारी डा. प्रमोद प्रजापति ने बताया कि एंटीजन में डेंगू के मरीज निकल रहे हैं। उसी आधार पर उपचार भी दिया जा रहा है, लेकिन पुष्टि एलाइजा जांच के बाद ही मानी जाती है। डेंगू के साथ मौसमी बुखार के मरीज भी अस्पतालों में आ रहे हैं, इसलिए बेड खाली नहीं हैं। नई.

नईदुनिया 9/10/21

## दशहरे के बाद सेकंड डोज के लिए चलेगा महाअभियान

**रतलाम।** कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर शुक्रवार शाम कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बैठक लेकर निर्देशित किया कि दशहरे के बाद सेकंड डोज का महाअभियान आयोजित किया जाएगा। सेकंड डोज का लक्ष्य अर्जित करने के लिए आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा मोटिवेशन कर लोगों को वैक्सीनेशन सेंटर तक लाया जाए। इसकी मानिटरिंग पटवारी तथा ग्राम पंचायत सचिव करें। जिला टीकाकरण अधिकारी डाक्टर वर्षा कुरील को निर्देश दिए कि जिले में जितने भी व्यक्ति सेकंड डोज के लिए बाकी हैं उनको ध्यान में रखते हुए प्रति सप्ताह प्लानिंग की जाए। आयुष्मान कार्ड बनाने में ढिलाई बरतने पर कलेक्टर द्वारा सख्त नाराजगी व्यक्त की गई और जिला अस्पताल में कार्य प्रभारी डा. गौड़ को शोकाज नोटिस और उनकी सैलरी रोकने के निर्देश दिए।

**वीडियो काल से पटवारी की लोकेशन चेक करेंगे कलेक्टर**

**रतलाम।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में भी प्रत्येक सोमवार व गुरुवार को पटवारी अपने मुख्यालय पर आम जनता के लिए उपलब्ध रहेंगे। पटवारी की उपस्थिति जांचने के लिए कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम रैंडमली किसी भी पटवारी को वीडियो काल कर उसकी लोकेशन चेक करेंगे। नई.

# चिह्नित 38 सड़कों में से 6 का पेंचवर्क 15 से, फूड जोन के लिए टेंडर होंगे

स्वदेश

## निगमायुक्त प्रतिदिन सफाई व्यवस्था एवं उपयंत्री बिजली व्यवस्था के लिए भ्रमण करें-कलेक्टर

रतलाम ● स्वदेश समाचार

शहर की व्यवस्था को सुधारने के लिए कलेक्टर तथा प्रशासक कुमार पुरुषोतम ने एक महत्वपूर्ण बैठक लेते हुए सड़कों का पेंचवर्क करने तथा बंद विद्युत लाइटों को चालू करने की पहल करते हुए निगम के प्रभारी अधिकारियों को निर्देश दिए है। विद्युत समीक्षा के दौरान उपयंत्री श्री आचार्य को निर्देशित किया कि वे शाम को प्रतिदिन शहर के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण कर सुचारू विद्युत व्यवस्था हेतु जायजा लेते रहे।



तरणताल स्थित हॉल में कलेक्टर ने गुरुवार को बैठक ली, जिसमें निर्देश दिए गए कि शहर में सड़कों का पेंचवर्क अतिशीघ्र प्रारंभ किया जाए। शहर की चिन्हित 38 सड़कों में से 6 सड़कों पर पेंचवर्क 15 अक्टूबर से आरंभ कर दिया जाएगा। शेष सड़कों के टेंडर रेट ज्यादा होने से पुन: टेंडर किए जा रहे हैं।

ट्रॉफिक रोकना हो तो रोका जाएं-कलेक्टर ने बैठक में निर्देश दिए कि पेंचवर्क कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाए, समय सीमा में काम करने के लिए जहां ट्रॉफिक रोकना हो रोका जाए, बैरिकेट्ड आवश्यक हो तो लगाए जाएं। कलेक्टर ने कहा कि शहर की डामर सड़कों को धीरे-धीरे के सीसी सड़कों में परिवर्तित किया जाए, इससे सड़कें स्थायी गुणवत्ता वाली रहेंगी। नगर निगम कार्य के लिए कलेक्टर द्वारा एक क्रेन किराए पर लेने के लिए निर्देशित किया गया। फूड जोन के बारे में बताया गया कि तीन-चार दिनों में डीपीआर तैयार हो जाएगी, उसके बाद टेंडर जारी कर दिए जाएंगे। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि फूड जोन में स्मार्ट पार्किंग रहेगी, साथ ही सफाई के लिए एक जिम्मेदार एजेंसी भी रहेगी।

कलेक्टर ने बताया कि शहर में मिनी स्मार्ट सिटी योजना में नगर निगम द्वारा तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनमें शास्त्री नगर फोरलेन, मेन पोस्ट ऑफिस से लोकेंद्र टॉकीज फोरलेन तथा गुजरात स्वीट से रेलवे रेलवे सीनियर इंस्टिट्यूट तक टू-लेन बनाया जाएगा।

### अवैध कॉलोनियों के स्वामियों के नाम-पतें उपलब्ध करवाएं

शहर में शासकीय भूमि पर अवैध कॉलोनियों के विकास की समीक्षा के दौरान निगम आयुक्त द्वारा बताया गया कि शहर में नगर निगम के अमले द्वारा 20 अवैध कॉलोनियां चिन्हित की गई है परंतु उनके विरुद्ध कार्रवाई के लिए भूमि स्वामियों के नाम-पते की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर द्वारा तत्काल सिटी एसडीएम को दूरभाष पर निर्देशित किया गया कि उक्त कॉलोनियों के भूमि स्वामियों के नाम, पते की सूची निगम को तत्काल उपलब्ध कराएं।

### सफाई व्यवस्था को लेकर नाराजगी जताई

कलेक्टर ने शहर में सफाई की व्यवस्था ठीक ढंग से नहीं होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि तमाम प्रयासों के बावजूद सफाई व्यवस्था में अपेक्षित सुधार नहीं दिख रहा है। कलेक्टर द्वारा छत्री पुल के सामने की दुकानों के पीछे के हिस्से में मौजूद गंदगी का भी जिक्र किया गया। कलेक्टर ने कहा कि निगम के पास पर्याप्त वाहन है, पर्याप्त अमला है। अब इस संबंध में ढीला-ढाला काम बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### निगमायुक्त भ्रमण करें

कलेक्टर ने निगमायुक्त सोमनाथ झारिया को निर्देशित किया कि वे प्रतिदिन सुबह उठकर दो-तीन घंटे तक तीन से चार वार्डों का भ्रमण करें और सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ करें।

### बदतमीजी नहीं करें

कलेक्टर स्पॉट फाइन करने वाली टीम के प्रति भी नाराज रहे व निर्देशित किया के बगैर दबाव के स्पॉट फाइन करें। किसी के साथ बदतमीजी नहीं करें, खासतौर पर महिलाओं के साथ सम्मान से पेश आएं। समीक्षा के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर कलेक्टर द्वारा उपयंत्री राजेंद्र मिश्रा की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि पुलिस कंट्रोल रूम पर सीसीटीवी से पूरे शहर की जानकारी मिलती है। शहर में व्यवस्था का जायजा लेने के लिए नगर निगम का एक कर्मचारी पुलिस कंट्रोल रूम पर तैनात किया जाए, वहां से कैमरे द्वारा चेक करें फिर स्पॉट फाइन किया जाए।

स्वदेश 9/10/21

# सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज और शास्त्री नगर मेन रोड बनेगा फोरलेन

## मिनी स्मार्ट सिटी : ट्रैफिक जाम के साथ ही गड्ढों से मिलेगी मुक्ति

- लोगों को आने-जाने में होगी सुविधा
- शहर में दो नए फोरलेन बनाए जाएंगे

**भास्कर संवाददाता | रतलाम**

शहर की जर्जर और गड्ढों वाली सड़कों से गुजर रहे शहरवासियों के लिए अच्छी खबर है। वह यह कि शहर में दो नए फोरलेन बनेंगे। इसमें एक सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज चौराहा तक और दूसरा शास्त्री नगर मैन रोड। स्मार्ट सिटी के तहत इनका काम होगा। जल्द ही इसके टेंडर जारी किए जाएंगे। इसके बाद वर्क ऑर्डर जारी करने के साथ ही काम शुरू हो जाएगा। फोरलेन बनने से सुविधा होगी। इससे बार-बार लगने वाले ट्रैफिक जाम और गड्ढों से मुक्ति मिलेगी।

### जवाहर नगर रोड से रेलवे सीनियर इंस्टीट्यूट तक बनेगी टू लेन सड़क

दो फोरलेन के अलावा एक टू लेन बनाने की भी प्लानिंग नगर निगम की है। टू लेन जवाहर नगर मेन रोड को बनाया जाएगा। श्रीराम मंदिर के पास जवाहर नगर के पास बीमा हॉस्पिटल होते हुए रेलवे इंस्टीयूट तक टू लेन सड़क बनाई जाएगी। अभी इस सड़क पर ढेरों गड्ढे हो रहे हैं। इससे गड्ढों से भी राहत मिलेगी और आवागमन आसान होगा।

**जहां फोरलेन बनना है उन सड़कों के अभी ये हैं हाल**



सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज रोड के अभी ये हाल हैं।

**1. सैलाना बस स्टैंड से लोकेंद्र टॉकीज चौराहा सड़क -** डामर की टू लेन को फोरलेन बनाया जाएगा। अभी सड़क पर अतिक्रमण ज्यादा है। मुख्य डाकघर के सामने गैरेज वालों ने दुकानें सड़क पर ही लगा रखी हैं। वहीं बाल चिकित्सालय के बाहर फोर व्हीलर पार्क किए जा रहे हैं और रोड पर ही अस्थायी दुकानें लग रही हैं। मुख्य रोड होने से इस रोड पर एंबुलेंस भी गुजरती है। कई बार तो एंबुलेंस भी फंस जाती है। फोरलेन बनने से रोड चौड़ा होगा व सुविधा होगी।

**2. शास्त्रीनगर मेन रोड - पॉवर** हाउस रोड से शास्त्री नगर मेन रोड को भी स्मार्ट सिटी के तहत फोरलेन बनाया जाएगा। अभी यहां टू लेन है। यहां के रहवासी घर के बाहर ही अपनी फोर व्हीलर पार्क करते हैं। वहीं कई लोगों ने तो अपनी बाउंड्रीवॉल भी रोड तक बना रखी है। सिविक सेंटर और मंडी के बाहर लगने वाली दुकानों के कारोबारियों ने रोड तक अपना कब्जा कर रखा है। ऐसे में फोरलेन बनने से राहत मिलेगी और लोगों को आने जाने में सुविधा होगी।

**मिनी स्मार्ट सिटी के तहत होगा काम -** कलेक्टर कुमार पुरुषोत्तम ने बताया शहर में मिनी स्मार्ट सिटी योजना में नगर निगम द्वारा तीन सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनमें शास्त्री नगर फोरलेन, मुख्य डाकघर से लोकेंद्र टॉकीज फोरलेन तथा गुजरात स्वीट्स से रेलवे सीनियर इंस्टिट्यूट तक टूलेन बनाया जाएगा। भास्कर

दै. भास्कर 9/10/21

डेंगू : एलाइजा किट मिली

# जिले को तीन किट मिली, 900 से ज्यादा सैंपल जांच सकेंगे

## वैरिएंट पता लगाने निगेटिव सैंपल भी भेजेंगे जबलपुर

भास्कर संवाददाता | रतलाम

शहर में डेंगू के नए मरीज मिलने पर ब्रेक लगा था। किट नहीं होने के कारण जांच प्रभावित हुई थी, लेकिन अब डेंगू के मरीजों की दोबारा जांच शुरू हो गई है। दरअसल, शुक्रवार को शहर में



एलाइजा किट मिल गई है। तीन किट मिली है, 900 से ज्यादा लोगों की जांच हो सकेगी। इधर अब वैरिएंट की जांच की भी तैयारी है। शहर से पॉजिटिव के साथ ही निगेटिव सैंपलों को भी जांच के लिए जबलपुर की वॉयरोलॉजी लैब भेजा जाएगा।

जिले में इस साल डेंगू बेकाबू है। सरकारी सिस्टम में एलाइजा जांच महत्वपूर्ण है लेकिन अभी यह जांच प्रभावित हो गई थी। अब तक एलाइजा पद्धति से 1600 से ज्यादा लोगों की जांच की जा चुकी है, इसमें से 386 से ज्यादा लोग पॉजिटिव मिले हैं। कुछ दिन से पॉजिटिव मिलने पर ब्रेक लगा हुआ था। लेकिन अब दोबारा तेजी से जांच हो सकेगी। मलेरिया विभाग ने मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को किट दे दी है। शुक्रवार से सैंपल लगना भी शुरू हो गए हैं।

**5-5 सैंपल भेजेंगे जबलपुर** - सिरोम सिक्वेंसिंग के लिए जबलपुर की लैब में सैंपल भेजे जा रहे हैं। इसमें एनएस-1 एंटीजन और आईजीएम पॉजिटिव के 5 पॉजिटिव और 5 निगेटिव सैंपलों को भेजा जा रहा है। 20 एनएस-1 पॉजिटिव सैंपलों को भी जांच के लिए भेज रहे हैं।

### हालात खराब, शहर में घर-घर मिल रहा लार्वा

एक तरफ जहां डेंगू प्रकोप है वहीं अब भी कई लोग सतर्क नहीं हुए हैं। लार्वा मिलने का सिलसिला लगातार जारी है। शहर में सर्वे हो रहा है, इसमें सबसे ज्यादा बेकार पड़े कंटेनरों में लार्वा मिल रहा है। पानी की टंकी और बेकार टायर में सबसे ज्यादा लार्वा पनप रहा है। मलेरिया विभाग की टीम लार्वा को नष्ट कर रही है। टेमोफोस दवा का छिड़काव कर रही है।

### पिछले साल अब तक सिर्फ 7 मामले मिले थे

शहर में इस साल डेंगू ने तेजी से रफ्तार पकड़ी है। पिछले साल अब तक सिर्फ 7 मामले ही थे लेकिन इस बार 386 से ज्यादा मामले सामने आ चुके हैं। ये अब तक के सर्वाधिक हैं। इससे पहले 2018 में 242 केस सामने आए थे।

### जांच किट मिली, जबलपुर लैब में सैंपल भेज रहे हैं

*डेंगू के लिए जांच किट मिल गई है। मेडिकल कॉलेज और जिला अस्पताल को किट दे दी है। जबलपुर की लैब में सैंपल भेजे जा रहे हैं।*

**डॉ. प्रमोद प्रजापति,**
मलेरिया अधिकारी

रतलाम

दै. भास्कर 9/10/21

# दस्तावेजों और कथनों की पड़ताल पूरी : द्वारका के तथ्यों पर गोल घेरा

**मनमर्जी का निर्माण**

**द्वारका रेसीडेंसी का गड़बड़झाला**

## जल्द आएगा रेरा का निर्णय तो आखिरी दौर में कलेक्टर का फैसला



**पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क**
patrika.com

**रतलाम.** शहर के सैलाना रोड पर ओवरब्रिज के पास निर्मित हो रही द्वारका रेसीडेंसी के अवैध कब्जे वाली सड़क की भूमि पर अधिकार हासिल करने वाले प्रशासन और नगर निगम के बाद रेरा की ओर से भी जल्द ही निर्णय आने वाला है। संभवतः रेरा पूर्व में जारी की गई अनुमति को कलेक्टर के फैसले के आधार पर निरस्त कर सकता है। इससे करोड़ों की लागत वाला यह पूरा रेसीडेंसी प्रोजेक्ट ही खटाई में पड़ जाएगा। नए सीरे से अनुमति की प्रश्ि या संचालकों के लिए किस स्तर पर होगी यह भी कलेक्टर के फैसले के बाद साफ हो जाएगा, क्योंकि सड़क का अधिकार समाप्त होने के बाद रेसीडेंसी में आवाजाही की राह बंद हो गई है तो खरीददारों ने भी अब अपने रुपए फंसने की आशंका जता दी है।

बताया जा रहा है कि गड़बड़ी की द्वारका रेसीडेंसी के मामले में जिला दंडाधिकारी की कोर्ट में कुछ दिनों पूर्व हुई बहस के बाद जरूरी अध्ययन पूरा हो गया है। अब निर्णय की तैयारी हो रही है। रेरा द्वारा दी गई मंजूरी को निरस्त करने की भी तैयारी हो रही है। इन सब के बीच इस सप्ताह के बाद कभी भी द्वारका रेसीडेंसी के मामले में निर्णय आ जाएगा। बता दें कि द्वारका रेसीडेंसी का निर्माण कार्य 2019 में शुरू हुआ था। आमजन के रास्ते पर गड़बड़ी करने वाले संचालकों ने सरकारी भूमि को लाभ के लिए कब्जा करते हुए उस पर ही निर्माण कर दिया था। इसके बाद मामले में कई शिकायत हुई। मामला मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ तक पहुंचा व वहां पर बिल्डर को राहत नहीं मिली।

### बहस के बाद अब निर्णय

मामले में लंबी बहस जिला दंडाधिकारी की कोर्ट में हुई। आम रास्ता पर अवैध कब्जा कर सड़क बनाई थी, उसको 26 सितंबर को अधिग्रहित करने अनुविभागीय अधिकारी अभिषेक गेहलोत, नगर निगम आयुक्त सोमनाथ झारिया सहित अन्य अधिकारी पहुंचे थे। यहां पर पंजीयन विभाग का कार्यालय बनाया जाना प्रस्तावित किया गया है। अब इन सब के बीच जिला दंडाधिकारी द्वारा निर्णय की तैयारी की जा रही है। अगले सप्ताह में कभी भी निर्णय जारी हो जाएगा।

### बन सकती है कमेटी

प्रशासनिक अफसरों की माने तो द्वारका रेसीडेंसी के मामले में जल्दी ही निर्णय आएगा। इस मामले में प्रशासन और नगर निगम स्तर पर तैयारी जारी है। निर्णय आने के बाद अगली कार्रवाई प्रस्तावित की गई है। इसमें कई तरह के विकल्प रखे गए हैं। आदेश के अनुसार किसी एक विकल्प तक पहुंचने के लिए एक कमेटी भी बनाई जा सकती है।

**फॉलोअप**



पत्रिका
प्रकाशित खबर।

पत्रिका

पत्रिका 9/10/21

# विक्रेता नहीं आया तब भी हो जाएगा भूमि का नामांतरण

**सरकार का कदम** • नई व्यवस्था से लंबित मामले तेजी से निपटाए जाएंगे

भोपाल (राज्य ब्यूरो)। प्रदेश में भूमि के नामांतरण के लिए परेशान होने वाले लाखों लोगों के राहत की खबर है कि अब विक्रेता के उपस्थित नहीं होने पर भी नामांतरण की प्रक्रिया पूरी हो जाएगी। राजस्व न्यायालय से नोटिस तामील होने के बाद यदि विक्रेता नामांतरण के लिए उपस्थित नहीं होता है और आपत्ति भी दर्ज नहीं कराता है तो इसे उसकी मौन स्वीकृति मानी जाएगी। इसके आधार पर कोर्ट नामांतरण संबंधी आदेश पारित कर सकेंगे। अभी तक नामांतरण की प्रक्रिया जटिल रही है। जमीन बेचने वाले नामांतरण कराने में रुचि नहीं दिखाते हैं। भूमि स्वामी की मृत्यु होने पर नामांतरण के लिए वारिसों की अनुपस्थिति से प्रकरण लंबित नहीं रहेंगे। नोटिस जारी करने के बाद यदि आपत्ति कोर्ट को प्राप्त नहीं होती है तो नामांतरण आदेश पारित किए जाएंगे।

"शासन की मंशा है कि अविवादित भूमि के नामांतरण में विलंब नहीं होना चाहिए। कलेक्टरों को नामांतरण के संबंध में स्थिति स्पष्ट की गई है कि वे विक्रेता के कोर्ट में उपस्थित न होने पर नामांतरण कर सकते हैं। **ज्ञानेश्वर पाटिल,**
आयुक्त भू-अभिलेख

**1** नामांतरण, बंटवारे की प्रक्रिया सरल बनाई जाएगी, नामांतरण के लंबित मामलों का निराकरण होगा




**2** भूमि विक्रेता के राजस्व कोर्ट में नहीं आने से खरीदार परेशान होते थे, अब उन्हें भी राहत मिलेगी

### 2.5 लाख से ज्यादा नामांतरण के प्रकरण लंबित हैं राजस्व न्यायालय में

**वजह** : राजस्व विभाग ने जब समीक्षा की तो सामने आया कि भूमि बेचने के बाद विक्रेता नामांतरण कराने में कोई रुचि नहीं दिखाते हैं। बार-बार नोटिस जारी करने के बाद भी वे नियत तारीख को न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं। इससे जहां प्रकरण लंबित रह जाते हैं, वहीं क्रेता (खरीदार) भी परेशान होते हैं।

**प्रविधान** : नियमों में प्रविधान है कि ऐसे मामलों में नोटिस देने के बाद यदि विक्रेता उपस्थित नहीं होता है और कोई आपत्ति भी दर्ज नहीं कराता है तो फिर विक्रेता के पक्ष में नामांतरण कर दिया जाना चाहिए।

**अब यह** : राजस्व विभाग ने कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि ऐसे मामलों में विक्रेता की मौन स्वीकृति मानते हुए उपलब्ध तथ्यों और गुण-दोष के आधार पर आदेश पारित किए जा सकते हैं।

### तहसीलदार आपत्ति पर विचार कर प्रकरण का करेंगे निराकरण

भूमि स्वामी यदि जीवित रहते हुए खातों का विभाजन या नामांकन नहीं करा पाता है और किसी को कोई आपत्ति भी नहीं होती है तो ऐसे मामलों में नामांतरण किया जा सकता है। विधिवत उद्घोषणा और पक्षकारों को सूचना पत्र तामील होने के बाद भी यदि वे न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं होते हैं तो आवेदक के पक्ष में आदेश जारी किए जा सकते हैं। यदि कोई पक्षकार आपत्ति उठाता है तो तहसीलदार उस पर विचार करके प्रकरण का निराकरण करेंगे। नई

नईदुनिया 9/10/21

# कर्मचारियों की जातिगत जनगणना से सरकार का इन्कार

## एक लाख 15 हजार पद खाली

- सामान्य प्रशासन विभाग को अब तक 38 विभागों ने दी जानकारी
- पदोन्नति में आरक्षण मामले को उच्च न्यायालय में रखा जाएगा



भोपाल (राज्य ब्यूरो)। राज्य सरकार ने मध्य प्रदेश में कर्मचारियों की जातिगत जनगणना से साफ इन्कार किया है। सामान्य प्रशासन विभाग के अपर मुख्य सचिव विनोद कुमार का कहना है कि सभी 52 विभागों से बैकलॉग (रिक्त पदों) की जानकारी मंगाई है। जिनमें से अब तक 38 विभागों ने ही जानकारी भेजी है। शेष विभागों को जानकारी भेजने के लिए कहा गया है। विभागों से अभी तक आई जानकारी के मुताबिक प्रदेश में कर्मचारियों के एक लाख 15 हजार 756 पद खाली हैं।

पदोन्नति में आरक्षण का मामला सुप्रीम कोर्ट में चल रहा है। जिसमें सरकार को प्रदेश में कर्मचारियों की वर्गवार संख्या बतानी है। इसकी तैयारी के चलते सामान्य प्रशासन विभाग ने सभी विभागों से वर्गवार कर्मचारियों के स्वीकृत, भरे और खाली पदों की जानकारी मांगी है। ये निर्देश विभाग ने तीन सितंबर को जारी करते हुए 20 सितंबर तक जानकारी मांगी थी, पर अब तक 38 विभागों ने जानकारी दी है। इसके मुताबिक प्रदेश में कर्मचारियों के चार लाख 14 हजार 444 पद स्वीकृत हैं। इनमें से एक लाख 15 हजार 756 पद वर्तमान में खाली हैं। यानी इन 38 विभागों में तीन लाख 36 हजार 383 नियमित कर्मचारी सेवाएं दे रहे हैं। विभाग के एसीएस विनोद कुमार कहते हैं कि यह नियमित प्रक्रिया का हिस्सा है। हर साल विभागों से रिक्त पदों की जानकारी मंगाई जाती है। इसी आधार पर बैकलॉग के पदों की पूर्ति के प्रयास होते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2020 में प्रदेश में चार लाख 52 हजार 139 कर्मचारी कार्यरत थे। ५६ ·

### किस श्रेणी के कितने पद स्वीकृत और कितने खाली

| श्रेणी | स्वीकृत पद | खाली पद |
|---|---|---|
| प्रथम | 4444 | 2431 |
| द्वितीय | 82930 | 55036 |
| तृतीय | 291405 | 48257 |
| चतुर्थ | 36665 | 10032 |

नईदुनीया 9/10/21

हमारे जागरूक पाठकों की बोलतीं तस्वीरें

# मकड़ावन गली में गड्ढों में भरा है पानी, लक्कड़पीठा रोड पर दिनभर उड़ र

## लक्कड़पीठा : रोड खराब, धूल उड़ रही




ये शहर की लक्कड़पीठा रोड है। चांदनीचौक से सटा क्षेत्र है लेकिन चांदनीचौक से बाजना बस स्टैंड तक सड़क खराब हो रही है। दिनभर धूल उड़ती रहती है। सामाजिक कार्यकर्ता गोपाल चंदवाड़िया ने ये फोटो भेजी है। उन्होंने सड़क के लिए निगम अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है।

## मकड़ावन गली: गड्ढे व कीचड़ से निकल रहे हैं



ये स्टेशन रोड क्षेत्र की मकड़ावन गली है। सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल जैन ने यह फोटो भेजी है। सड़क निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के रहवासी परेशान हैं। इससे गड्ढे और कीचड़ के बीच आना जाना कर रहे हैं। बावजूद ना तो जनप्रतिनिधि का ध्यान है और ना अफसरों का ध्यान है।

## राम रहीम नगर: पांच साल से बिगड़ी है स्थिति



ये राम रहीम नगर की सड़क है। क्षेत्र के गौरव पाठक ने यह फोटो भेजी है। गौरव ने बताया पिछले पांच साल से सड़क की स्थिति यही है। ना जनप्रतिनिधि सुन रहे हैं और ना ही नगर निगम के अफसरों का ध्यान सड़क निर्माण पर है। इससे रहवासियों को दिक्कत हो रही है।

## लक्ष्मीनगर : किसी क



ये लक्ष्मीनगर की सड़क है। यह फोट
बताया कि सड़क की इस हालत
अफसर दोनों ही जवाबदार हैं। यहां
उभरने से जल

भास्कर

दै.भास्कर 9/10/21

कों
हैं

# मकड़ावन गली में गड्ढों में भरा है पानी, लक्कड़पीठा रोड पर दिनभर उड़ रही है धूल

रोड खराब, धूल उड़ रही



। चांदनीचौक से सटा क्षेत्र है लेकिन
क सड़क खराब हो रही है। दिनभर धूल
गोपाल चंदवाड़िया ने ये फोटो भेजी है।
अफसरों को जिम्मेदार ठहराया है।

**मकड़ावन गली: गड्ढे व कीचड़ से निकल रहे हैं**



ये स्टेशन रोड क्षेत्र की मकड़ावन गली है। सामाजिक कार्यकर्ता मांगीलाल जैन ने यह फोटो भेजी है। सड़क निर्माण नहीं होने से क्षेत्र के रहवासी परेशान हैं। इससे गड्ढे और कीचड़ के बीच आना जाना कर रहे हैं। बावजूद ना तो जनप्रतिनिधि का ध्यान है और ना अफसरों का ध्यान है।

**राम रहीम नगर: पांच साल से बिगड़ी है स्थिति**



ये राम रहीम नगर की सड़क है। क्षेत्र के गौरव पाठक ने यह फोटो भेजी है। गौरव ने बताया पिछले पांच साल से सड़क की स्थिति यही है। ना जनप्रतिनिधि सुन रहे हैं और ना ही नगर निगम के अफसरों का ध्यान सड़क निर्माण पर है। इससे रहवासियों को दिक्कत हो रही है।

**लक्ष्मीनगर : किसी का ध्यान नहीं जा रहा है**



ये लक्ष्मीनगर की सड़क है। यह फोटो विकास बोराना ने भेजी है। उन्होंने बताया कि सड़क की इस हालत के लिए जनप्रतिनिधि और निगम के अफसर दोनों ही जवाबदार हैं। यहां सड़क पर कच्ची हो गई है और गड्ढे उभरने से जलजमाव हो रहा है।

भास्कर

दै.भास्कर 9/10/21

# मोतीनगर कुष्ठ बस्ती में 65 लोगों को कोरोना का दूसरा टीका लगा

रतलाम। दीनदयाल विचार मंच के सहयोग से मोती नगर कुष्ठ बस्ती में 65 कुष्ठ रोगियों को बस्ती में ही कैंप लगाकर कोरोना का दूसरा डोज कोविशील्ड का टीका लगाया गया। चार रोगियों को पहला डोज लगाया गया।

मंच के अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती के रोगियों को कोरोना का पहला डोज कोविशील्ड का जुलाई में लगाया गया था, तब 66 कुष्ठ रोगियों को टीका लगा था। शहर टीकाकरण अभियान के प्रभारी लोकेश वैष्णव, टीकाकरण दल में शामिल जिला चिकित्सालय के कुष्ठ रोग प्रभारी शरद शुक्ला, नर्स आरती राठौर, डाटा आपरेटर जयंत शर्मा, सत्यजीत रावत का दीनदयाल विचार मंच के अशोक चौटाला, मुकेश मोरिया, पार्वती चौहान, श्याम रेड्डा, गौरव जैन ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया।



कुष्ठ रोगी को टीका लगाते हुए स्वास्थ्यकर्मी। ●नईदुनिया

नई.

नईदुनीया 9/10/21

## मोती नगर कुष्ठ बस्ती में लगाया कोरोना का दूसरा टीका लगा

रतलाम। दीनदयाल विचार मंच के सहयोग से मोती नगर कुष्ठ बस्ती मे 65 कुष्ठ रोगियों को बस्ती में ही केंप लगाकर कोरोना का दूसरा डोज (कोवीशील्ड) का टीका लगाया गया तथा 4 को पहला डोज लगाया गया। मंच के अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती के रोगियों को कोरोना का पहला डोज कोवीशिल्ड का जुलाई में लगाया गया था, तब 66 कुष्ठरोगियों को टीका लगा था। इस अवसर पर शहर टीकाकरण अभियान के प्रभारी लोकेश वेष्णव, टीकाकरण दल मे शामिल जिला चिकित्सालय के कुष्ठरोग प्रभारी शरद शुक्ला,नर्स आरती राठोर,डाटा आपरेटर जयंत शर्मा,सत्यजीत रावत का दीनदयाल विचार मंच के अशोक चोटाला,मुकेश मोरीया,पार्वती चौहान,श्याम रेडा,गोरव जैन ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया।

नवभारत

नवभारत 9/10/21

## कुष्ठ बस्ती में कोरोना का दूसरा टीका लगा

रतलाम। दीनदयात विचार मंच के सहयोग से मोती नगर कुष्ठ बस्ती मे 65 कुष्ठ रोगियो को बस्ती मे ही केंप लगाकर कोरोना का दूसरा डोज कोवीशील्ड का टीका लगाया गया तथा 4 रोगियों को पहला डोज लगाया गया। मंच के अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती के रोगियों को कोरोना का पहला डोज कोवीशिल्ड का जुलाई मे लगाया गया था तब 66 कुष्ठरोगियों को टीका लगा था। इस अवसर पर शहर टीकाकरण अभियान के प्रभारी लोकेश वेष्णव, टीकाकरण दल मे शामिल जिला चिकित्सालय के कुष्ठरोग प्रभारी शरद शुक्ला,नर्स आरती राठोर, डाटा आपरेटर जयंत शर्मा, सत्यजीत रावत का दीनदयाल विचार मच के अशोक चोटाला, मुकेश मोरीया, पार्वती चौहान श्याम रेडा, गोरव जैन ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। २१७

# प्रदेश में इस वर्ष 6,600 के पार हुई डेंगू मरीजों की संख्या

## प्रदेश में सबसे ज्यादा 47% संक्रमण दर मंदसौर की

भोपाल (नईदुनिया प्रतिनिधि)। प्रदेश में इस वर्ष डेंगू मरीजों की संख्या 6,600 तक पहुंच गई है। इनमें 4,016 मरीज तो सिर्फ सितंबर माह में मिले हैं। सबसे ज्यादा 47 फीसद संक्रमण दर (जांचे गए सैंपल में पाजिटिव का प्रतिशत) मंदसौर, इसके बाद 44 फीसद मंडला और 42 फीसद छतरपुर की रही है। हालांकि, राहत की बात यह है कि अक्टूबर के शुरुआती छह दिनों में संक्रमण दर पांच फीसद तक आ गई है। स्वास्थ्य मंत्री डा. प्रभुराम चौधरी ने इसकी पुष्टि की है। इस वर्ष अब तक पांच मरीजों की मौत डेंगू से हुई है। स्वास्थ्य विभाग के उपसंचालक डा. हिमांशु जायसवाल ने कहा कि जिन मरीजों की मौत इस वर्ष डेंगू से हुई है, उनमें लगभग सभी पहले से दूसरी बीमारियों से भी पीड़ित थे।

5% घट आई संक्रमण दर

प्रदेश में 30 सितंबर तक जांच गए सैंपल
28,101

30 सितंबर तक पाजिटिव मिले
5,690

अक्टूबर में छह दिन में मिले मरीज
1,090

### सितंबर माह में प्रदेश में मिले डेंगू के 4,016 मरीज

#### 2015 के बाद से मिले मरीज, संक्रमण दर और मौत

| वर्ष | संक्रमित | मौत | संक्रमण दर |
|---|---|---|---|
| 2021 | 6,600 | 5 | 20% |
| 2020 | 806 | 0 | 10% |
| 2019 | 4,189 | 2 | 36% |
| 2018 | 4,506 | 5 | 29% |
| 2017 | 2,666 | 6 | 30% |
| 2016 | 3,150 | 12 | 45% |

#### ज्यादा संक्रमण दर वाले जिले

| जिला | जांच | संक्रमित | संक्रमण दर |
|---|---|---|---|
| मंदसौर | 2,280 | 1,080 | 47% |
| मंडला | 9 | 4 | 44% |
| छतरपुर | 24 | 10 | 42% |
| सागर | 258 | 106 | 41% |
| देवास | 328 | 131 | 40% |
| अशोकनगर | 44 | 17 | 39% |
| टीकमगढ़ | 310 | 113 | 36% |
| उज्जैन | 983 | 330 | 34% |

(नोट: सभी आंकड़े 30 सितंबर तक के हैं)

> वर्तमान प्रदेश में संक्रमण दर लगातार कम हो रही है। अक्टूबर में संक्रमण दर पांच फीसद तक आ गई है। इस वर्ष ज्यादा मरीज मिलने की एक वजह यह भी है कि जांचे ज्यादा की जा रही है। हर जिले में एलाइजा जांच की सुविधा है। लोगों से अपील है कि वह रैपिड जांच की जगह एलाइजा जांच पर भरोसा करें।
>
> -डा. प्रभुराम चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री, मप्र

नई.

नईदुनिया 7/10/21



# मोती नगर कुष्ठ बस्ती में कोरोना का दूसरा टीका लगा

रतलाम ● दीनदयाल विचार मंच के सहयोग से मोती नगर कुष्ठ बस्ती में 65 कुष्ठ रोगियों को बस्ती में ही कैंप लगाकर कोरोना का दूसरा डोज कोविशील्ड का टीका लगाया गया तथा 4 रोगियों को पहला डोज लगाया गया। मंच के अध्यक्ष अशोक जैन चौटाला ने बताया कि कुष्ठ बस्ती के रोगियों को कोरोना का पहला डोज कोविशील्ड का जुलाई में लगाया गया था तब 66 कुष्ठरोगियों को टीका लगा था। इस अवसर पर शहर टीकाकरण अभियान के प्रभारी लोकेश वैष्णव ,टीकाकरण दल मे शामिल जिला चिकित्सालय के कुष्ठरोग प्रभारी शरद शुक्ला,नर्स आरती राठोर,डाटा ऑपरेटर जयंत शर्मा,सत्यजीत रावत का दीनदयाल विचार मंच के अशोक चोटाला,मुकेश मोरिया,पार्वती चौहान,श्याम रेड़ा;गौरव जैन ने स्वागत कर आभार व्यक्त किया। स्वदेश

स्वदेश 9/10/21

# फूडजोन के लिए हटाई जाएंगी 53 दुकानें

## लोकेंद्र भवन के सामने निगम के मार्केट का मामला, नोटिस दिए

रतलाम (नईदुनिया प्रतिनिधि)। इंदौर के 56 दुकान मार्केट की तर्ज पर लोकेंद्र भवन के सामने फूड जोन बनाने के लिए यहां पहले से बनी निगम की 53 दुकानें तोड़कर नए सिरे से पूरा परिसर बनाया जाएगा। शुक्रवार को नगर निगम ने 53 दुकान संचालकों को एक माह में दुकान खाली करने के लिए नोटिस जारी कर दिए। नोटिस मिलने के बाद दुकानदारों में हड़कंप मचा हुआ है।



लोकेंद्र भवन मार्ग पर नवनिर्मित सिटी फोरलेन के पास फूड जोन बनाया जाना है। ● नईदुनिया

निगम स्तर पर फूड जोन के लिए डीपीआर बनाने का काम भी दो से तीन दिन में पूरा हो जाएगा। पूरे परिसर का युक्तिसंगत उपयोग करने के लिए पूर्व में स्टेडियम व सब्जी मार्केट से सटी 53 दुकानों को तोड़ा जाएगा। निगम ने दुकानों के प्रथम आवंटी के नाम से नोटिस जारी किए हैं। इसमें अधिकांश दुकानों पर प्रथम आवंटी व्यक्ति का वर्तमान में कोई संबंध नहीं है। कुछ दुकानों को खरीदने के बाद निगम में नामांतरण हो चुका है तो कुछ दुकानें महज किराया पद्धति में संचालित हो रही थी। 18 दुकानें ऐसी हैं जिनकी प्रीमियम राशि निगम में जमा है। दुकान संचालक निगम में नामांतरण के लिए भी आवेदन दे रहे हैं। नोटिस मिलने के बाद दुकान संचालकों द्वारा कोर्ट में याचिका लगाने की तैयारी भी की है।

नईदुनिया 9/10/21